# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(बारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 23 अगस्त, 2016/1 भाद्रपद, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 13**

----

### पुल निर्माण

1401 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र की कितनी सड़कें व पुलों को विधायक प्राथमिकता में डाला गया है; विवरण दें; और

(ख) इन सड़कों व पुलों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; विवरण दें ?

----

### पेयजल/सिंचाई योजनाएं

1402 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 1-4-2016 से 31-7-2016 तक नाचन विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाओं को डाला गया है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## बस सेवा

1403 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार क्या जंजैहली से हरिद्वार तक हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस चलाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## भूट्टी चौक बाईपास

1404 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार ने भूट्टी चौक बाईपास के निर्माण कार्य का प्रावधान इस वर्ष बजट में किया है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस कार्य हेतु FCA क्लीयरैंस इत्यादि सभी औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं; ब्यौरा दें?

----

## मन्दिरों का अधिग्रहण

1405 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में मन्दिरों के अधिग्रहण एवं न्यास बनाने हेतु अधिनियम कब लागू हुआ;

(ख) सरकार द्वारा मन्दिर अधिग्रहण अधिनियम के अन्तर्गत वर्षशः किस-किस मन्दिर की अधिसूचना जारी कर कब-कब मन्दिर का अधिग्रहण किया गया; ब्यौरा सभा पटल पर रखें; और

(ग) यह सत्य है कि मन्दिरों के अधिग्रहण के विरोध में लोग अदालत में गए हैं; यदि हां, तो सरकार ने अधिग्रहण के उपरान्त कौन-कौन से मन्दिर कब-कब लौटाए हैं; ब्यौरा लौटाने के कारणों सहित दें?

----

## पुल निर्माण

1406 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू लोक निर्माण मण्डल द्वारा प्रधान मंत्री सड़क योजना के अन्तर्गत पार्वती नदी पर पुल का निर्माण कार्य ठेके पर दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा निर्माण कार्य हेतु क्या समय सीमा निर्धारित थी; ब्यौरा दें; और

(ग) कार्य में बाधा आने के फलस्वरूप पुल का डिजाइन बदलने के क्या कारण रहे तथा निर्माण कार्य पुनः कब तक शुरू किया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## पशु औषधालय में रिक्तियां

1407 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने पशु औषधालय एवं डिस्पैंसरियां कार्यरत हैं; सूची सभा पटल पर रखें; और

(ख) इन पशु औषधालयों/डिस्पैंसरियों में पशु चिकित्सक एवं वैटरिनरी फार्मासिस्ट और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कितने पद भरे हुए हैं और कितने रिक्त हैं; सूचना सभा पटल पर रखें?

----

## स्ट्रीट वेन्डर-एक्ट

1408 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्या प्रदेश में केन्द्र सरकार द्वारा पारित स्ट्रीट वेन्डर-एक्ट को लागू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो इस के कार्यान्वयन के लिए प्रदेश सरकार ने क्या कार्य योजना तैयार की है; कार्य योजना की प्रति तथा स्ट्रीट वेन्डर एक्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ग) सरकार के पास नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायतों द्वारा एक्ट के प्रावधानों की अवहेलना की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं; सरकार उन के विरूद्व क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

----

## खेल मैदान का निर्माण

1409 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा अनुसूचित जाति विशेष घटक योजना के अन्तर्गत खेल मैदानों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा स्वीकृत धनराशि का खेल मैदान के नाम सहित वर्षवार दें?

----

## धनराशि का आबंटन

1410 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जुलाई, 2016 तक प्रदेश में युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा खेल ढांचा विकसित करने के लिए कहां-कहां पर धनराशि जारी की गई; ब्यौरा जारी की गई धनराशि का योजना के नाम सहित वर्षवार दें?

----

## Registered Contractors

1411 **Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Contractors are registered in I&PH Division Dalhousie in Bhattiyat Constituency; name and address of contractors be given;

(b) during 01st January, 2013 to 31st July, 2016 how many works have been awarded under different heads in I&PH Division Dalhousie in Bhattiyat Constituency; and

(c) details of these works such as name of contractors with address, name of work, place of work with estimated cost and time frame be given ?

----

## Registered Contractors

1412 **Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) how many contractors are registered in Electricity Division, Dalhousie in Bhattiyat Constituency; name and address of contractors be given; and

(b) during 01st January, 2013 to 31st July, 2016 how many works have been awarded under different heads in Bhattiyat Constituency; details of these works such as name of contractor with address, name of work, place of work year-wise with estimated cost and time frame be given?

----

## Detailed Notice Inviting Tender

**1413 Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) from 01st January, 2013 to 31st July, 2016 how many works have been awarded by DNIT under I&PH Division Dalhousie in Bhattiyat Constituency; and

(b) details of these works such as name of the contractors, work, place with estimated cost and time frame be given?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 6th August, 2016.** **Secretary.**